आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 15.03.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :—

- केंद्र सरकार ने देश में पर्याप्त डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता का आश्वासन दिया। लोगों से एलपीजी सिलेंडरों की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने का आग्रह किया।
- एलपीजी गैस की कालाबाजारी और आपूर्ति व्यवस्था पर सख्ती करते हुए देहरादून जिला प्रशासन ने जिले में गैस एजेंसियों व पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया।
- और... चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर आवास विभाग के सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने चमोली में निर्माणाधीन तथा प्रस्तावित पार्किंग परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

---------------------------------------------

<u>एलपीजी सिलेंड बुकिंग</u>

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया है।

सुश्री शर्मा ने बताया कि 29 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक सिलेंडरों का वितरण शुरू हो गया है। विदेश मंत्रालय में खाड़ी क्षेत्र के अपर सचिव असीम महाजन ने बताया कि अब तक पश्चिम एशिया क्षेत्र से करीब पौने दो लाख भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को खुले या अनुपयुक्त कंटेनरों में ईंधन न लेने और उसका भंडारण नहीं करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि किसी भी उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---------------------------------------------

एलपीजी आपूर्ति

एलपीजी गैस की कालाबाजारी और आपूर्ति व्यवस्था पर सख्ती करते हुए देहरादून जिला प्रशासन ने जिले में 17 गैस एजेंसियों, 45 प्रतिष्ठानों और 5 पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान 19 गैस सिलेंडर जब्त किए गए, गैस की कालाबाजारी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और दो मुकदमे भी दर्ज किए गए।

प्रशासन के अनुसार कल शाम पांच बजे तक एलपीजी गैस आपूर्ति से संबंधित 341 शिकायतें दर्ज हुईं। जिले में शनिवार को लगभग 29 हजार 120 घरेलू और 69 व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई, जबकि घरेलू सिलेंडरों में करीब 67 हजार का बैकलॉग बताया गया है।

प्रशासन के मुताबिक एक मार्च से अब तक एक लाख 91 से अधिक घरेलू और पन्द्रह हजार से अधिक व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है, जबकि 31 हजार 807 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लोड बढ़ाया गया है, जिससे बैकलॉग में कमी आने की उम्मीद है।

जिला प्रशासन ने कहा है कि होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाई जा रही है। शहरी क्षेत्रों में एक सिलेंडर प्राप्त करने के 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही अगली बुकिंग की जा सकेगी।

---------------------------------------------

जूट जागरूकता कार्यशाला

जूट मार्क इंडिया योजना के अंतर्गत जूट उद्योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से देहरादून में कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय तथा राष्ट्रीय जूट बोर्ड के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में जूट आधारित उत्पादों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त निदेशक के.एस.मुरलीधर ने कहा कि जूट उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान को बढ़ावा देने के लिए जूट मार्क इंडिया योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जूट पर्यावरण के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और बहुपयोगी फाइबर है, जिसकी मांग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लगातार बढ़ रही है।

इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग कुसुम कंडवाल ने महिलाओं से जूट आधारित उत्पादों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे आने का आह्वान किया।

---------------------------------------------

प्रदर्शनी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कृषि मेले किसानों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, जहां उन्हें कृषि के नवाचारों की जानकारी मिलती है और वैज्ञानिकों से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि किसान देश के अन्नदाता और असली नायक हैं तथा उनकी मेहनत और समर्पण से ही देश आगे बढ़ रहा है।

श्री धामी ने बताया कि प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए पॉलीहाउस को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अब तक 115 करोड़ रुपये की लागत से 350 पॉलीहाउस स्थापित किए जा चुके हैं। साथ ही प्रदेश में सात एरोमा वैली विकसित की जा रही हैं और ड्रैगन फ्रूट की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया और विश्वविद्यालय साहित्य का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि मेले में 350 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं और प्रतिदिन लगभग 20 हजार लोग मेले में भाग ले रहे हैं।

---------------------------------------------

चारधाम यात्रा तैयारियां

अगले महीने शुरू होने वाली चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेजी से की जा रही है। इसी क्रम में आवास विभाग के सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने चमोली जिले के गौचर, कर्णप्रयाग और चमोली में निर्माणाधीन तथा प्रस्तावित पार्किंग परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। डॉ. राजेश ने चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

---------------------------------------------

लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत जिले के नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, उपजिला चिकित्सालय टनकपुर से एडवांस्ड

कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का भी लोकार्पण किया।

इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस के संचालन से क्षेत्र के मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक उन्नत और त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। जबकि अत्याधुनिक मशीन की स्थापना से अब मोतियाबिंद सहित विभिन्न नेत्र रोगों का उपचार आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्थानीय स्तर किया जा सकेगा। इस दौरान श्री धामी ने अस्पताल परिसर में स्थापित नई डायलिसिस मशीन का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली के संबंध में चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी ली। इसके आलावा अस्पताल के आपातकालीन कक्ष का भ्रमण कर उपचाराधीन मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा उपचार व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

---------------------------------------------

समस्याएं सुनीं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उधमसिंहनगर जिले में स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय टनकपुर में आयोजित 'मुख्य सेवक संवाद' कार्यक्रम में प्रतिभाग कर क्षेत्र की के लोगों की समस्याएं सुनीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनसमस्याओं को सीधे जनता से सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार तथा स्थानीय समस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

और क्षेत्र की आवश्यकताओं, सुझावों तथा समस्याओं के बारे में जानकारी भी ली। श्री धामी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों, मांगों एवं सुझावों पर गंभीरता से कार्य करते हुए उनका शीघ्र प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---------------------------------------------